कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
NAAC GRADE-'B' | AISHE CODE- C-21763
दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 11/06/2022

# :: सेमेस्टर परीक्षा मई–जून 2022 समय सारणी संबंधी सूचना ::

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर व्दारा सेमेस्टर परीक्षा मई–जून 2022 की समय सारणी जारी कर दी गई है। पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अधिसूचना कमांक 1662/परीक्षा/2022 रायपुर ,दिनांक 10.06.2022 के अनुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर मई–जून 2022 की सेमेस्टर परीक्षाएं ऑनलाईन/ब्लैण्डेड पद्यति से आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र कमांक–401 बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर परीक्षा मई–जून 2022 विश्वविद्यालय व्दारा जारी समय सारणी के अनुसार सम्पन्न होगी। परीक्षाओं के लिए आवश्यक उत्तर पुस्तिका का वितरण महाविद्यालय व्दारा किया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से दी जावेगी। परीक्षार्थी अलग से उत्तर पुस्तिका का निर्माण नही कर सकते परीक्षार्थी महाविद्यालय व्दारा वितरित उत्तर पुस्तिका में ही उत्तर लिखकर परीक्षा दिवस को ही परीक्षा केन्द्र में दोपहर 3:00 बजे तक जमा करेंगे। एम.ए. ,एम.एस.सी., एम.कॉम.व्दितीय सेमेस्टर ( मुख्य/एटीकेटी/भूतपूर्व ) की परीक्षा दिनांक 25.06.2022 से प्रारंभ होकर 30.06.2022 तक चलेंगी तथा एम.ए. ,एम.एस.सी. ,एम.कॉम.चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 01.07.2022 से प्रारंभ होकर 07.07.2022 तक चलेगी। इसी तरह पी.जी.डी.सी.ए. ,डी.सी.ए. व्दितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 25.06.2022 से प्रारंभ होकर 28.06.2022 तक चलेंगी। एलएल.बी.की परीक्षाएं दिनांक 05.07.2022 से प्रारंभ होकर 23.07.2022 तक चलेगी। बी.बी.ए. व्दितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 25.06.2022 से प्रारंभ होकर 06.07.2022 तक चलेगी। परीक्षार्थी विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय का सूचना पटल एवं वेबसाईट का अवलोकन करें तथा कोविड–19 वायरस संक्रमण को रोकने हेतु शासन व्दारा जारी गाईडलाईन का पालन अवश्य करें।

(डॉ. श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)